केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक: 15/05/2025

प्रेस विज्ञप्ति

विषय: रीवो, प्रयागराज द्वारा "अंतरराष्ट्रीय मजदूर" दिवस का आयोजन

श्रमिक वर्ग की कड़ी मेहनत एवं लगन के उत्साह वर्धन और सम्मानित करने के लिए रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन, कोर (रीवो), प्रयागराज प्रति वर्ष श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिकों को सम्मानित करता है। इसी शृंखला में रीवो द्वारा दिनांक 14/05/2025 को मध्य क्लब सिविल लाइंस प्रयागराज में माननीय अध्यक्षा, रीवो, प्रयागराज की अध्यक्षता में "अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस" के उपलक्ष्य में सभी श्रमिकों के बीच आकर्षक खेल का आयोजन कर मनोरंजन किया गया। तत्पश्चात कुल 43 संविदा कर्मचारियों को माननीय अध्यक्षा द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संगठन की माननीय अध्यक्षा-श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, सचिव-श्रीमती अनिता नंदा, संयुक्त सचिव कार्यकारी-अर्चना श्रीवास्तव तथा सदस्य श्रीमती ममता श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित थी।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज